**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## इसरो के वैज्ञानिको ने विद्यार्थियों के मन की जिज्ञासाओं को किया पूर्ण

पन्तनगर। 15 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय में सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय तथा कैम्पस स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद अहमदाबाद द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के तृतीय दिवस के अवसर पर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान का कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया। प्रदर्शनी भ्रमण के दौरान कुलपति डा. चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों के मन की जिज्ञासायें पूर्ण करने हेतु इसरो के वैज्ञानिकों ने उनको अवसर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि अतंरिक्ष के कार्यक्रमों एवं वैज्ञानिकों के ज्ञान से विद्यार्थी भी लाभान्वित हुए है। विद्यार्थी इस प्रदर्शनी से प्रेरणा प्राप्त कर भविष्य में अंतरिक्ष के क्षेत्र में कार्य कर देश का नाम गौरावान्वित करेंगें। इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विगत वर्षों में घटित गतिविधियों तथा भविष्य में होने वाली क्रिया कलापों के विषय में अभिरूचि तथा वैज्ञानिक सोच में विकास होगा। **डा. चौहान द्वारा जनक नायर हॉल में प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से ज्ञान को साझा किया।** स्पेस आन व्हील तथा चलचित्र के माध्यम से फिल्मों का अवलोकन करने के उपरांत राकेट लॉचिंग माडल का भी अवलोकन उनके द्वारा किया गया।

विश्वविद्यालय के स्तानक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के लगभग 1500 विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में वैज्ञानिकों के साथ प्रश्नोत्तरी, जनक नायर हॉल में चन्द्र यान–1,2 और 3 से सम्बधित पोस्टर तथा इसरो से आयी बस में चल चित्र के माध्यम से अतंरिक्ष विज्ञान सम्बधित ज्ञान प्राप्त किया जिसमें राकेट लॉचिंग माडल सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र रहा। तीन–दिवसीय प्रदर्शनी में लगभग 7,000 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया। प्रदर्शनी का समापन विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, प्राध्यापकों, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अध्यापकों व कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर की अध्यक्षता में इसरो अहमदाबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुमाऊं मण्डल में इस प्रकार का सफल आयोजन किया गया, जिसका उपयोग पूरे जीवन में किसी भी क्षेत्र में किया जा सकता है।

इस अवसर पर बालनिलयम विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डा. मंजु जोशी ने इसरो बेंगलरू के वैज्ञानिक डा. विनोद जोशी को स्मृति चिह्न प्रदान किया तथा अपने वक्तव्य में कहा कि इसरो से आये वैज्ञानिकों से प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थी अपने जीवन में उपयोग करके देश की सेवा कर सकते हैं। डा. गीता पाठक, ऐसासिएट निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस वृहद कार्यक्रम के आयोजन में कैंपस स्कूल के प्रधानाचार्य एवं उनकी टीम के साथ बाल विद्या मंदिर, जीजीआईसी तथा इन्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं शिक्षको का बहुत योगदान रहा है। इस आयोजन में विद्यालय प्रबंन्ध परिषद के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार, प्रबन्ध डा. विजय प्रताप सिंह, उप–प्रबन्धक श्री रविन्द्र कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री त्रिलोकी शंकर मिश्रा, सदस्य डा. मृदुला शर्मा तथा श्री अभिमन्यु चौबे ने इस प्रदर्शनी के समापन के अवसर पर प्रदर्शनी की भूरी–भूरी सराहना की एवं कहा कि ये विद्यार्थियों के लिए दुर्लभ अवसर है जिसका उपयोग विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए करना चाहिए।




*विद्यार्थियों से वार्ता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*




*इसरो के वैज्ञानिकों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य अतिथि।*

निदेशक संचार